



# संविधान की रक्षा को लेकर जनाक्रोश रैली निकली

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय भिंड में भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में एक जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में बहुजन समाज से जुड़े लोग शामिल हुए, जिन्होंने विभिन्न नारे लगाते हुए अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय परिसर पहुंची, जहां संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भिंड कलेक्टर को सौंपा।

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन केंद्र और राज्य सरकारों की बहुजन विरोधी नीतियों के खिलाफ है और इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय की पुनर्स्थापना एवं संविधानिक मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिससे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को खतरा पैदा हो गया है। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बहुजन समाज के लोगों को शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते बहुजन समाज की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो देशव्यापी उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता के बिना लोकतंत्र अधूरा है। भारत का संविधान सबको समान अधिकार देता है, लेकिन शासन और प्रशासनिक व्यवस्था में अभी भी असमानता व्याप्त है, जिसे दूर करना आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष किशोरीलाल शाक्य, कमलेश कुमार, मुन्ना शाक्य, राजू शाक्य, रामदास राठौर और अजय बाल्मीकि सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# शहीद सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय स्थित सैनिक कल्याण कार्यालय में एक गरिमामयी शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन उस अवसर पर किया गया जब जिले के गौरव, पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह को हाल ही में दिल्ली में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पूरे मध्यप्रदेश राज्य से जिला भिंड का चयन किया जाना जिले के लिए गौरव का विषय रहा। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में यह समारोह पूरे सम्मान और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन ए.के. उपाध्याय, सैनिक कल्याण अधिकारी भिंड, ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज पूरे हिंदुस्तान ने राष्ट्रीय मंच पर जिला भिंड को सम्मान की दृष्टि से देखा है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे जिले का है। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार के माध्यम से भिंड की पहचान पूरे भारत में वीरता और सेवा भावना के प्रतीक जिले के रूप में बनी है। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी और कहा कि सरकार का उद्देश्य हर शहीद परिवार और पूर्व सैनिक तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# लहार एसडीएम ने उचित मूल्य दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** लहार एसडीएम विजय सिंह यादव ने क्षेत्र की विभिन्न उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम नोधा, बसंतपुरा, मूरतपुरा और बोनापुरा की दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने खाद्यान्न वितरण, स्टॉक की स्थिति एवं तोल मशीनों की सटीकता की गहन जांच की।

**मूरतपुरा उचित मूल्य दुकान पर 10 क्विंटल चावल कम पाया गया :** एसडीएम लहार ने जब ग्राम मूरतपुरा की उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया, तो शासन से प्राप्त खाद्यान्न के वितरण उपरांत शेष स्टॉक का मिलान किया गया। जांच में पाया गया कि 10 क्विंटल चावल का स्टॉक कम है। इस पर एसडीएम ने दुकान प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## मिली अनियमितताएं, दिए सख्त निर्देश

**तोल मशीन में गड़बड़ी का भी खुलासा :** निरीक्षण के दौरान जब 10 किलोग्राम नमक को रखकर तोल कांटे पर तौला गया, तो उसका वजन 10 किलो 400 ग्राम निकला। इससे स्पष्ट हुआ कि तोल मशीन में गड़बड़ी है। इस पर एसडीएम यादव ने मौके से ही नापतोल निरीक्षक सौरभ शर्मा को निर्देश दिए कि सात दिवस के भीतर सभी तोल मशीनों का परीक्षण कर उन्हें दुरुस्त किया जाए।

**त्योहार से पहले हितग्राहियों को 100 प्रतिशत वितरण के निर्देश :** एसडीएम लहार विजय सिंह यादव ने सभी राशन दुकानदारों को निर्देशित किया कि दीपावली त्योहार से पूर्व पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न का 100 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए।

# 24 घंटे में चोरी का पर्दाफाश कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**30 लाख रुपए का माल बरामद, सोमवार-मंगलवार की रात हीरापुरा गांव में चोर ने दी थी दबिश, पुलिस ने न्यायालय भेजा**




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** गोरमी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मात्र 24 घंटे के अंदर चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी सहित कुल 30 लाख 2 हजार रुपए का चोरी का माल बरामद किया है।

गोरमी थाना टीआई आशुतोष शर्मा ने बताया कि गोरमी क्षेत्र के ग्राम हीरापुरा निवासी होम सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह नरवरिया ने मंगलवार को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सोमवार-मंगलवार की रात 11 बजे से 3 बजे के बीच अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और 7 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 329/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम :** घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन, एएसपी संजीव पाठक एवं एसडीओपी संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में थाना गोरमी पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की।

टीम ने फरियादी और उसके परिजनों से पूछताछ की तथा घटनास्थल से मिले भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसने अंततः चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल कर ली।

### आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में किया जाएगा पेश

आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी को शीघ्र ही न्यायालय में पेश करेगी। इस उत्कृष्ट कार्य में टीआई आशुतोष शर्मा, उप निरीक्षक अजय मिश्रा, उनि. मनीराम नादिर, सउनि. सुरेश पाराशर, प्रआर प्रदीप पचौरी, का. प्रदीप कैन, प्रआर अरविंद, का. शैलेंद्र, का. देवेंद्र सिंह, का. सुनील लोधी, का. रजत, का. शिवदयाल सिंह, का. सूरज मोर्य एवं का. आकाश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चोरी का सामान बरामद

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके कब्जे से सोने और चांदी के जेवरात व नकदी कुल 30 लाख 2 हजार रुपए का माल बरामद किया। जिसमें सोने के जेवर में चार चूड़ी, कॉलर, मनचली, हथफूल, बिजली, 5 अंगूठियां, रानी हार, बेसर, 4 जोड़ी बाला, चैन, मंगलसूत्र, बैंदा, झुमकी है। वहीं चांदी के जेवर में 4 करधोनी, 2 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी तोड़िया, चपेटा, गाय की मूर्ति, बिछियां जब्त किए है।

# एनसीसी युवाओं में अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का भाव जगाती है : सांसद संध्या राय

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** सांसद संध्या राय ने आईटीआई परिसर भिंड में आयोजित दस दिवसीय सीएटीसी-46 एनसीसी शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को दिए जा रहे सैन्य प्रशिक्षण का अवलोकन किया और कैडेट्स से संवाद स्थापित किया।

## सांसद ने आईटीआई परिसर में आयोजित दस दिवसीय एनसीसी शिविर का किया निरीक्षण, उत्कृष्ट कैडेट्स को किया सम्मानित

सांसद राय ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और एकता की भावना को विकसित करना है। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल सैन्य प्रशिक्षण देती है, बल्कि युवाओं को चरित्रवान, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति की पाठशाला है। जो विद्यार्थी इस संस्था से जुड़ते हैं, वे जीवन में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता प्राप्त करते हैं। विशेष रूप से बेटियां एनसीसी के माध्यम से अपने साहस, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को निखार रही हैं।




**सांसद ने युवाओं से किया राष्ट्र सेवा का आह्वान :** सांसद राय ने कहा कि देश का भविष्य युवा पीढ़ी के कंधों पर टिका है। इसलिए हर युवा को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है जैसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'महिला सशक्तिकरण' अभियान, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए।

### प्रशिक्षण में आत्मनिर्भरता और नेतृत्व पर जोर

कार्यक्रम के दौरान 30 एमपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़ ने बताया कि 08 से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित इस दस दिवसीय शिविर में भिंड, ग्वालियर और मुरैना जिलों के 300 से अधिक एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर कर्नल अवनींदर, सूबेदार मेजर मदन सिंह, खेल प्रशिक्षक संजय पंकज, एनसीसी अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### कलेक्टर से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक

**मेहगांव, 15 अक्टूबर।** जिले की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने नवागत कलेक्टर श्री मीना से मुलाकात की। भिंड के विकास और जन – कल्याण के विषय को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल एवं गोहद विधायक केशव देसाई ने नवागत कलेक्टर किरोड़ीलाल मीना से सौजन्य मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल एवं गोहद विधायक केशव देसाई ने भिंड जिले की समस्याओं पर उनसे चर्चा की।



### कैंप संगठन ने किया नन्हीं परी का अभिनंदन

**भिंड।** कैंप संगठन की अनवरत जारी मुहिम नन्हीं परी स्वागत महोत्सव में एक और खास अध्याय जुड़ गया। जब बम्बा के पास निवासी गीता देवी श्यामवीर श्रीवास की पुत्रवधु ललिता गोपाल श्रीवास को कन्या का जन्म हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक बिटिया के मामा पंकज श्रीवास थे। कैंप संगठन की परंपरा के अनुसार, बैंड-बाजा के साथ कन्या को घर लाया गया। कैंप संगठन के सदस्यों अखिलेंद्र सिंह तोमर, प्रभात राजावत, विशाल कुशवाह, विश्वनाथ श्रीवास, उमेश श्रीवास, संतोष श्रीवास, पंकज श्रीवास, सोनवीर श्रीवास, शिवांशू, करण, अर्जुन और तिलक सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया। नगरवासी और परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### निगम का पूरा अमला गंभीरता से कार्य करे : महापौर डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** शहर में सड़कों को निगम का पूरा अमला गंभीरता से लगकर कार्य करें तथा तत्काल सड़कों को ठीक कराये तथा जो सड़कें गांरटी पीरियड में हैं उन्हें ठेकेदार से ठीक करायें और जिन सड़कों के वर्क ऑडर जारी हो चुके हैं उन सड़कों पर निगम तत्काल कार्य कराये। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने सड़कों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बाल भवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री नाथूराम ठेकेदार, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव, श्री मुनीष सिकरवार, श्री प्रदीप तोमर, कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे, श्री एपीएस जादौन सहित सभी सहायक यंत्री एवं सभी क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सड़कों की समीक्षा करते हुए विधानसभा वार गांरटी पीरियड की सड़कों की जानकारी ली जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गारंटी पीरियड के 42 सड़कों में से 27 सड़कों पर रिपेयरिंग का कार्य पूरा हो चुका है। शेष सड़कों पर कार्य चल रहा है, जो कि शीघ्र पूर्ण होगा। इसके साथ ही ऐसी स्वीकृत सड़कों की जानकारी प्राप्त की जिनके वर्क ऑडर जारी हो चुके हैं तथा कार्य प्रांरभ होना है। अधिकारियों द्वारा विधानसभावार वर्क ऑडर वाली सडकों की जानकारी दी गई।

# रॉयल किड्स एकेडमी में विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा केएस बारिया, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंडके कुशल मार्गदर्शन में रॉयल किड्स एकेडमी स्कूल भिंड में आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संविधान प्रदत्त अधिकारों, विशेषकर आदिवासी एवं अनुसूचित जाति वर्गों के विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जागरूक करना था।

## आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन पर छात्रों को दी गई जानकारी




**न्यायिक अधिकारियों ने दी कानूनी जानकारी :** इस अवसर पर निधि नीलेश श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भिंड एवं अनुभूति गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए हैं, परंतु समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए विशेष कानूनी प्रावधान किए गए हैं, ताकि उन्हें सामाजिक और आर्थिक न्याय प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।

### मध्यस्थता के लाभ पर चर्चा

सचिव अनुभूति गुप्ता ने मध्यस्थता के लाभ एवं वर्तमान में उसकी आवश्यकता विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता एक ऐसी मैत्रीपूर्ण न्याय प्रक्रिया है जिसके माध्यम से पक्षकारों के बीच आपसी समझौते से विवादों का समाधान किया जा सकता है। इस अवसर पर हनुमंत बौहरे, सोनू तोमर, मनोज जोशी, मनोज श्रीवास उपस्थित रहे।

# क्वारी नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भिंड, 15 अक्टूबर।** फूप क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को क्वारी नदी के पुल के नीचे एक अज्ञात ०?यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। शव सड़ी-गली अवस्था में कीचड़ से सना हुआ पाया गया।

टीआई सतेंद्र सिंह राजपूत के अनुसार मृतक ने लाल रंग की शर्ट और हल्के भूरे रंग की हाफ पैंट और अंडरबियर पहन रखी थी। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया गया है कि मृतक की मृत्यु लगभग 10 से 12 दिन पूर्व हुई होगी। टीआई राजपूत ने बताया कि मृतक के पेट और सिर के पास पत्थर बंधा हुआ पाया गया है, जिससे जलदाह की संभावना भी जताई जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# दीपावली पर सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अक्टूबर।** दीपावली का पर्व नजदीक आते ही भिंड शहर का आतिशबाजी बाजार रोशनी और रंगों से जगमगाने लगा है। हर साल की तरह इस बार भी मेला ग्राउंड में पटाखों की दुकानें सज गई हैं, लेकिन इस बार खुशियों के साथ सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। प्रशासन ने दुकानों के लिए सख्त सुरक्षा मानक तय किए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। मेला ग्राउंड में लगी दुकानों के बीच कम से कम आठ फीट का फासला रखने, हर दुकान पर रेत की बोरी, पानी की बाल्टी और फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था, दुकान के बाहर लाइसेंस की प्रति का प्रदर्शन, और बिजली के सुरक्षित कनेक्शन जैसे नियमों को अनिवार्य किया गया है।

## मेला ग्राउंड में सजे आतिशबाजी बाजार, एसडीएम ने दिए निर्देश

### एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

बुधवार को एसडीएम अखिलेश शर्मा ने मेला ग्राउंड स्थित आतिशबाजी बाजार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक दुकान का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों में किसी भी तरह की लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम शर्मा ने कहा कि फिलहाल दुकानदारों को नियमों की समझाइश दी जा रही है, लेकिन यदि अगली जांच के दौरान किसी दुकान में सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई, तो उसका लाइसेंस तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा और दुकान बंद करा दी जाएगी।



# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अक्टूबर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन मंगलवार की दोपहर स्थानीय गांधी बाल निकेतन में हुआ। बैठक में मीडिया प्रभारी डॉ. देवेंद्र तोमर ने संक्षिप्त भूमिका और बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष बीएल टुंडेले ने कहा कि पेंशनर्स की मांगों के प्रति सरकार का रवैया उपेक्षात्मक है। उनके द्वारा संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्वाचन की अग्रिम सूचना से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में निर्णय हुआ कि मासिक बैठक के लिए प्रत्येक माह की पहली तारीख अथवा दिन निश्चित किया जाएगा।

बैठक में डॉ. एचबी सिंह, धर्मेन्द्र यादव, मुरारीलाल प्रजापति, सुरेश श्रीवास्तव सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।